E-Mail ID cfgarhwal555@Gmail.com
cfgarh-forest-uk@nic.in
Phone/Fex 01368-222566
वन मित्र कॉल सेंटर–920800...

कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी

पत्रांकः– 6936/12-1 दिनांक, पौड़ी, जून, 24 ,2016.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, पौड़ी।

Proposal No.FP/UK/Road/18605/2016.

विषयः– **जनपद पौड़ी गढ़वाल में रामपुर–गवाना मोटर मार्ग के किमी 04 से सुराड़ी तक निर्माण हेतु वन भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

महोदय,

उक्त विषयांकित प्रस्ताव में निम्न कमियां पाई गई हैं।

1. परियोजना में कार्य प्रारम्भ न होने तथा राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण्य से परियोजना की दूरी के प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किये गये हैं।
2. वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लघंन न होने के प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया है।
3. परियोजना की वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति को अपलोड नहीं किया गया है।
4. वन्य जीव क्षति, मिट्टी तेल/गैस आपूर्ति, जनसंख्या, लम्बाई चौड़ाई का प्रमाण पत्र, प्रतिवेदन, भू–वैज्ञानिक की रिपोर्ट, टास्क फोर्स की रिपोर्ट, जनसंख्या, रिक्त स्थानों में वृक्षारोपण, एन0पी0वी0 एवं भूमि का मूल्य, प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट, वृक्षों की मूल्य आदि प्रमाण–पत्र अपलोड नहीं किये गये हैं।

कृपया प्रस्ताव उच्च स्तर को भेजने से पूर्व सभी प्रपत्रों एवं सूचनाओं का भली भांति परीक्षण कर लिया जाय, ताकि उच्च स्तर से किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न हो।

अतः उक्त आपत्तियों का निराकरण कर सूचना प्रस्तुत की जाय।

भवदीय,

(जी0सोनार)
मुख्य वन संरक्षक/वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड,पौड़ी।

Surjeet